कार्यालय प्राचार्य
(अग्रणी महाविद्यालय जिला एमसीबी)
शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मनेन्द्रगढ़, जिला — एमसीबी (छ.ग.)
College Code – 3703
E-mail – vivekanandcollage1973@gmail.com/vnpgcin@gmail.com
Website – www.vnpgc.in

दिनांक :— 24.10.2025

# सूचना

विषय :— छत्तीसगढ़ आडियाथॉन 2025 के प्रचार—प्रसार हेतु सहयोग के संबंध में।

संदर्भ :— कार्यालय आयुक्त का पत्र क्रमांक 1786/780/आउशि/सम./2025 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 24.10.2025

विंषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के अनुक्रम में महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र—छात्राओं को सूचित किया जाता है कि रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, छ.ग. शासन द्वारा विद्यार्थियों, स्टार्टअप और नवोन्मेषकों में नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ आइडियाथॉन 2025 स्टार्टअप पिचेज एवं अवार्ड्स का आयोजन किया जा रहा है।

इस आयोजन के अंतर्गत राज्यभर के प्रतियोगिताओं के माध्यम से शीर्ष विचारों का चयन किया जायेगा, और चयनित प्रतिभागी नवम्बर 2025 के प्रथम सप्ताह में राज्योत्सव डेमोडे—पिचिंग इवेंट में अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। शीर्ष 5 छात्र और शीर्ष 5 स्टार्टअप को नगद पुरस्कार (51,000/— तक) प्री—इन्क्यूबेशन सपोर्ट और राज्योत्सव पवेलियन में प्रदर्शनी का अवसर प्रदान किया जाएगा।

आवेदन पंजीकरण लिंक— दिनांक 25.09.2025 दिनांक 24.10.2025 तक वाणिज्य एवं उद्योग विभाग को वेबसाईट https:/oneclick-cgstate-gov-in पर उपलब्ध रहेगा।

प्रतिभागियों के लिए पात्रता :—

**छात्र नवोन्मेषक**

- आयु 15—35 वर्ष और छत्तीसगढ़ में अध्ययनरत्
- नवा विचार, प्रोटोटाईप या सामाजिक समस्या का समाधान प्रस्तुत करते हो।

अतः इच्छुक छात्र—छात्रा दिये गये पंजीकरण लिंक पर पंजीकृत कर उक्त प्रतियोगिता में सहभागिता करें। अधिक जानकारी के लिए डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई (संयोजक — छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती 2025 महाविद्यालय इकाई) से सम्पर्क करें।

प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt. Vivekanand P.G. College
Manendragarh, Distt.-M.C.B.(C.G.)

प्रभारी
24.10.25

1559